an>

Title: Need to make proper arrangements for Kawariyas in Uttar Pradesh.

श्री केशव प्रसाद मौर्य (फूलपुर): माननीय अध्यक्ष महोदया, आज उत्तर प्रदेश में एक गंभीर समस्या है। पूरे देश में अभी सावन का महीना है। करोड़ों शिव-भक्त अलग-अलग स्थानों पर जाकर जल चढ़ाने का काम कर रहे हैं। इस समय उत्तर प्रदेश में मुगल शासन काल से भी अधिक यातना शिव-भक्तों को देने का काम प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। जो शिव-भक्त भजन-कीर्तन करते हुए, गंगा जी का जल लेकर शिव मंदिरों में चढ़ाने के लिए जा रहे हैं, उत्तर प्रदेश की सरकार ने अपनी पूरी पुलिस फोर्स को केवल उन शिव-भक्तों को भजन-कीर्तन करने से रोकने पर लगा रखी है। कई जगह शिव-भक्तों को पकड़कर जेल में डाल दिया गया है।

उत्तर प्रदेश में मेरे संसदीय क्षेत्र में फूलपुर सोरांव एक स्थान है, जहाँ पर कांवरियों की सेवा करने के लिए पंडाल लगाया गया था। उस पंडाल के अंदर लगे हुए ध्वनिवर्द्धक को उतार दिया गया। कल भक्तगण फूलपुर के एक मंदिर में निशान चढ़ाने के लिए जा रहे थे, उन पर लाठियाँ बरसायी गयीं। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में इस प्रकार की घटनाएँ हैं। मैंने कई बार मांग की है कि जिन रास्तों से होकर लाखों की संख्या में शिव-भक्त भक्तिभाव से जाते हैं, उन रास्तों में शराब की दुकानों को, मांस की दुकानों को बन्द कराया जाये परन्तु अभी तक बंद नहीं किया गया है। गंगा जी के जिन घाटों से लाखों शिव-भक्त जल लेने के लिए जाते हैं, वहाँ पर उत्तर प्रदेश की सरकार ने कोई व्यवस्था नहीं की और केवल मुस्लिम वोटों के लालच में हिन्दुओं के साथ दमन-चक्र चलाया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में बहुत स्थिति खराब है, इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूँ कि उत्तर प्रदेश की सरकार जो दमन-चक्र चला रही है, उसे रोकने के लिए सख्ती से कदम उठाये जाएं।

माननीय अध्यक्ष : आपकी बात पूरी हो गयी है, अब कृपया बैठ जाएं।

सर्वश्री भैरो प्रसाद मिश्र,

डॉ. वीरेन्द्र कुमार,

दद्दन मिश्रा,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

राघव लखनपाल को श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।